an>

Title: Situation arising due to communal tension in Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल): माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इलाहाबाद, प्रयाग जो गंगा-जमुनी तहजीब और संस्कृति का शहर है, जो बुद्धिजीवियों और धार्मिक तथा ऐतिहासिक आजादी का भी केन्द्र बिन्दु रहा है, वह पूरी तरह से मेरे संसदीय क्षेत्र में आता है। अभी हाल ही में एक तारीख को जब मैं अचानक यहां से अपने संसदीय क्षेत्र गया तो वहां मुझे मालूम हुआ कि कुरान शरीफ ग्रन्थ के पन्ने को एक धार्मिक स्थल के पास फाड़ा गया है। कुरान शरीफ ग्रन्थ हमारे एक समुदाय का पवित्र ग्रन्थ है और उन लोगों की उसमें काफी आस्था है। इस घटना के कारण वहां छः पुलिस थानों में कर्फ्यू लगा दिया गया, जो आज भी जारी है। कोतवाली शाहगंज, खुल्दाबाद, अतरसुइया और करैली में बेगुनाह लोगों को फंसाया जा रहा है और उन पर फर्जी मुकदमें दायर किए जा रहे हैं। हमारी समाजवादी पार्टी के महानगर क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल सलमान के विरुद्ध एनएसए के तहत कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश के डीजीपी महोदय जब वहां का दौरा करते हैं, तो इस बात को कहते हैं कि यह एक सुनोयिजत और राजनैतिक साजिश है।[R39]

18.00 hrs.[r40]

मैं सदन के माध्यम से इसकी भर्त्सना करता हूं। जब उत्तर प्रदेश की पुलिस अपने काम में नाकाम होती है तो सीधा समाजवादी पार्टी और हमारे नेता के ऊपर आक्षेप लगाया जाता है। माननीय अतीक अहमद जो इस सदन के मैम्बर हैं, उनके नाम को जोड़ा जाता है। मैंने दो-दो बार इलाहाबाद विश्वविद्यालय की घटना का उल्लेख किया है। वहां के छात्र उद्वेलित हैं, वहां धरना-प्रदर्शन हो रहा है। जन्माष्टमी के दिन कृष्ण भक्त लोग शहर में सिविल लाइन हनुमान मंदिर में परिक्रमा कर रहे थे तो वहां की पुलिस ने उनके ऊपर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि जेपीसी या उच्चस्तरीय दल इलाहाबाद भेजा जाए। इलाहाबाद आजादी का केन्द्र-बिंदु रहा है, वहां का अमन,चैन, शांति और सौहार्द का वातावरण बिगड़ रहा है। वहां पर सशस्त्रबल भेजकर घटना को कंट्रोल किया जाए। इन्हीं बातों के साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि इसी सदन में जीरो-आवर में माननीय राजबब्बर जी को बोलने के लिए बुलाया गया।

MR. CHAIRMAN : It is a matter concerning the Uttar Pradesh Government.

श्री शैलेन्द्र कुमार : उस समय आगरा में भी कर्फ्यू लगा था और मेरे यहां के थाना क्षेत्रों में भी रात में कर्फ्यू लगा हुआ है, जबकि इसे कहा जाता है कि यह स्टेट मैटर है। मैं इस निर्णय पर अपनी आपत्ति जाहिर करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. CHAIRMAN: Shri Bhanu Pratap Singh Verma. It is about construction of a bridge.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This is Uttar Pradesh Government's affair.